पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आई0ए0एस0 वीक पर दिया रात्रिभोज

राजभवन में आयोजित किये गये रंगारंग कार्यक्रम

लखनऊ 19 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक एवं उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक ने आई0ए0एस0 सर्विस वीक के अवसर पर आज राजभवन में आई0ए0एस0 एसोसिएशन के सदस्यों को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया। रात्रिभोज में मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, आई0एस0एस0 एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राकेश बहादुर, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद सहित प्रदेश के आई0ए0एस0 अधिकारी सपत्नीक उपस्थित थे। रात्रिभोज के बाद आई0ए0एस0 एसोसिएशन द्वारा राजभवन के गांधी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।
सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रशासनिक अधिकारी श्री हरिओम ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का यह शेर सुनाकर स्वागत किया कि 'वह आये बज्म में इतना तो मीर न देखा, फिर उसके बाद चरागों में रोशनी न रही'। कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री मीतू गोयल एवं सुश्री नीता साहू द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत कर की गयी। 1983 बैच के अधिकारियों की पत्नियों द्वारा तैयार की गयी एक नृत्य नाटिका 'नारी तुम केवल श्रद्धा हो' प्रस्तुत की गयी, जिसकी सबने खूब सराहना हुई।
कार्यक्रम में इसके अतिरिक्त एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गायन भी प्रस्तुत किये गये।

अंजुम/ललित/राजभवन(110/32)